प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

22 अगस्त 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने ट्विन सिटीज़ को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड, हैदराबाद (तेलंगाना) का क्रांति को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड, हैदराबाद (तेलंगाना) के साथ स्वैच्छिक समामेलन को अनुमोदित किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने ट्विन सिटीज़ को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना का क्रांति को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना के साथ समामेलन की योजना को स्वीकृति प्रदान की। इस योजना को, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के साथ पठित धारा 44ए की उप-धारा (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए स्वीकृति प्रदान की गई है। यह योजना 23 अगस्त 2023 से प्रभावी होगी। ट्विन सिटीज़ को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड, हैदराबाद (तेलंगाना) की शाखा 23 अगस्त 2023 से क्रांति को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड, हैदराबाद (तेलंगाना) की एक शाखा के रूप में कार्य करेगी।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/792